(ग) क्या यह सच है कि जी०.टी०वी० के "जाने-अनजाने" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसारित राष्ट्रीय पुरस्कृत फिल्म "रोजा" का गीत "रुक्मिणी," शादी के बाद क्या हुआ अश्लील है, जिसे देखा या सुना नहीं जा सकता ;

(घ) क्या सरकार ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिया है कि दिल्ली दूरदर्शन द्वारा "मैट्रो चैनल' पर रात्रि को प्रसारित कार्यक्रम "टाप व पाप" के अन्तर्गत अश्लील नग्न नृत्य दिखाकर भारतीय विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है ;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार अमर भारतीय संस्कृति और सभ्यता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन कार्यक्रमों पर प्रतिबन्ध लगाने का विचार रखती है; और

(च) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य-मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) :(क) जी, नहीं ।

(ख) सरकार विदेशों में संचालित कंपनियों के ब्यौरे नहीं रखती है।

(ग) जी०टी०वी० के कार्यक्रम सरकार के नियंत्रण में नहीं आते हैं ।

(घ) मैट्रो चैनल पर कोई अश्लील कार्यक्रम नहीं दिखाया गया है।

(ङ) और (च) प्रश्न नहीं उठते।

Complaint about television programmes

655. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:
SHRI HATURANAN MISHRA:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have received complaints from the Forum of Public Schools and from other quarters about the recent trends in television programmes;

(b) if so, to detals thereof and Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) land (b) Yes, Sir. Complaints and suggestions regarding Doordarsan programmes Ifrom individual viewers as well as from different organisations are received from time to time. The reaction of viewens for different programmes are not alike throughout the country. However, Doordarshan endeavours on a continuing basis to bring about (a qualittative improvement its programmes in order to sustain the inter. ost of the views.

पटना दूरदर्शन केन्द्र से क्षेत्रीय कार्यक्रमों का प्रसारण

556. श्री गया सिंह : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पटना दूरदर्शन केन्द्र कार्यक्रम का निर्माण करने के लिए कब तक तैयार हो जाएगा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) पटना दूरदर्शन केन्द्र से क्षेत्रीय कार्यक्रमों का प्रसारण कब होने की संभावना है और उसका ब्यौरा क्या है ;

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) पटना में स्थापित अंतरिम टी०वी० स्टुडियो पहले ही 13-10-1990 से प्रचालन में है तथा कार्यक्रमों का निर्माण कर रहा है । पटना में स्थापित पूर्ण विकसित स्थायी स्टुडियो का संस्थापना कार्य प्रगति पर है, तथा इसके 1994 के दौरान तैयार हो जाने की आशा है ।

(ख) बिहार में राज्य के सभी टी०वी० रिले ट्रांसमीटरों को जोड़ने वाली उपग्रह